**खबर संक्षेप**

### त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन



**शहडोल।** आदिवासी माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर से आदिवासी छात्राओं के रहस्यमयी ढंग से गायब होने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक और मध्य प्रदेश प्रभारी अर्चना पोर्ते ने इस मामले को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री को भेजे गए तीखे पत्र में उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे पर कड़ा प्रहार करते हुए सवाल उठाया है कि क्या आदिवासी बच्चियां मानव तस्करी का शिकार हो रही हैं। पत्र के माध्यम से उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से सीधा सवाल पूछा कि 28 दिसंबर 2025 को कक्षा 12वीं की एक छात्रा और 8 जनवरी 2026 को कक्षा 10 वीं की एक छात्रा संस्था से गायब हुई, लेकिन अब तक पुलिस और प्रशासन उनकी खोजबीन में नाकाम क्यों है। सोहागपुर थाना प्रभारी को सौंपे गये ज्ञापन में आदिवासी कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि गायब छात्राओं की तत्काल बरामदगी नहीं हुई, तो संगठन उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।

### किशोरी को बरामद कर आरोपी को भेजा जेल

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना अंतर्गत केशवाही चौकी पुलिस ने अपहरण और यौन शोषण के मामले में तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने 10 जनवरी को अपहृता को दस्तयाब कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया और बयानों के आधार पर मामले में बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 11 जनवरी को आरोपी राजकुमार साकेत उर्फ राजा उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 12 केशवाही को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### युवा कांग्रेस के चलो वार्ड अभियान ने उड़ाई विरोधियों की नींद

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के वार्ड नंबर 8 में युवा कांग्रेस ने चलो पंचायत/वार्ड अभियान के जरिए सत्तापक्ष के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है। जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी के नेतृत्व में आयोजित युवा संवाद में स्थानीय युवाओं का आक्रोश साफ तौर पर नजर आया। संवाद के दौरान ठप पड़े रोजगार, शिक्षा के गिरते स्तर और बदहाल खेल सुविधाओं पर तीखी चर्चा हुई।

## गर्ल्स हॉस्टल के क्लास रूम में अश्लील गानों पर रील

# शिक्षा परिसर की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

शहडोल।

**जिले के सोहागपुर क्षेत्र स्थित माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, कंचनपुर एक बार फिर विवादों के घेरे में है। जिस आवासीय स्कूल से एक-एक कर छात्राएं रहस्यमय तरीके से लापता हो रही हैं, उसी स्कूल के क्लासरूम में शिक्षिका द्वारा छात्राओं के साथ अश्लील गानों पर डांस करते हुए रील बनाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो ने न केवल शिक्षा व्यवस्था की मर्यादा पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि परिसर की सुरक्षा और अनुशासन पर भी गंभीर चिंताएं बढ़ा दी हैं।**

### अभिभावकों सहित समाज में नाराजगी

वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि छात्राएं स्कूल ड्रेस में क्लासरूम के भीतर मौजूद हैं और एक शिक्षिका उनके साथ लोकप्रिय भोजपुरी गीत पतली कमरिया मोरी हाय-हाय पर ठुमके लगाती नजर आ रही हैं। क्लासरूम जैसे पवित्र शैक्षणिक स्थान में इस तरह की गतिविधि को लेकर अभिभावकों और समाज में भारी नाराजगी है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब शिक्षिका ही इस तरह का व्यवहार करेंगी तो छात्राओं पर इसका क्या असर पड़ेगा।





### दर्ज हुआ अपहरण का मामला

शिक्षा परिसर से 28 दिसंबर को कक्षा 12वीं की एक छात्रा हॉस्टल से मामा के साथ घर जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची,इस मामले में तत्कालीन हॉस्टल अधीक्षिका सुलोचना बट्टे की शिकायत पर सोहागपुर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था, पुलिस जांच अभी जारी ही थी कि 8 जनवरी को कक्षा 10 वीं की एक और छात्रा के लापता होने की घटना सामने आ गई। जानकारी के अनुसार, कक्षा 10वीं की छात्रा अपने नाना और दो सहेलियों के साथ हॉस्टल पहुंची थी, सहेलियां तो भीतर चली गईं, लेकिन छात्रा बहन को बाहर छोड़ने की बात कहकर बाहर निकली और फिर लौटकर नहीं आई, रोल कॉल के दौरान छात्रा की अनुपस्थिति सामने आने पर प्रबंधन में हडकंप मच गया, इसके बाद प्रिंसिपल देवेंद्र श्रीवास्तव ने भी सोहागपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने दूसरे मामले में भी अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक ओर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल हैं, तो दूसरी ओर शिक्षिका का यह वायरल वीडियो पूरे शिक्षा परिसर की साख पर बट्टा लगा रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कितनी सख्ती से कार्रवाई करता है।

# सरेराह लूट और खूनी खेल खेलने वाले 5 गुर्गे दबोचे
# चाकू की नोक पर कारोबारी से छीने थे पैसे व मोबाइल



### बेल्ट और डंडों से मरणासन्न कर छोड़ा, पुलिस ने तोड़ा गैंग का गुरूर

शहडोल।

फिल्मी नाम रखकर दहशत का साम्राज्य खड़ा करने वाली तथाकथित 007 गैंग के मंसूबों को ब्यौहारी पुलिस ने मिट्टी में मिला दिया है। सरेराह चाकूबाजी, मारपीट और लूट जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले इस गिरोह के तीन मुख्य आरोपियों सहित दो नाबालिगों को पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले छुटभैये बदमाशों में हडक़ंप मच गया है।

### दहशत का वो खूनी मंजर

वारदात 8 जनवरी की शाम की है, फरियादी विकास गुप्ता जब जैन चक्की भोगिया तिराहे के पास से गुजर रहा था, तभी इस 007 गैंग के दरिंदों ने उसका रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने न केवल विकास को गालियां दीं, बल्कि गर्दन पर चाकू अड़ाकर 12 हजार रुपये नगद और मोबाइल लूट लिया। दरिंदगी की हद तो तब पार हो गई जब इन बदमाशों ने लाठी-डंडों और बेल्ट से युवक को तब तक पीटा जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

### सलाखों के पीछे पहुंचे डॉन

थाना प्रभारी ऋषभ छारी (प्रशि. उपुअ) के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित जाल बिछाया और मुखबिरों की सूचना पर गैंग के सक्रिय सदस्यों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में आनंद यादव उम्र 21 निवासी बिलहा, प्रशांत उर्फ कान्हा यादव उम्र 22 निवासी खड्डा, मोहम्मद आमीन उम्र 20 निवासी ब्यौहारी इनके साथ दो विधि विरुद्ध बालक भी पकड़े गए हैं, जिन्हें अपराध के रास्ते पर धकेला गया था।

### पुलिस की दो टूकः सुधर जाएं अपराधी

ब्यौहारी पुलिस ने साफ कर दिया है कि सोशल मीडिया या गलियों में गैंग बनाकर गुंडागर्दी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पकड़े गए सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है, जबकि गैंग के शेष सदस्यों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।



## सिंधी पंचायत का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न नई कार्यकारिणी को समाज की बधाइयां

शहडोल।

पूज्य सिंधी पंचायत के लिए सोमवार को सम्पन्न हुए निर्वाचन में समाज ने एक बार फिर एकजुटता और सौहार्द का परिचय देते हुए पूरी कार्यकारिणी को निर्विरोध चुना। निर्वाचन प्रक्रिया में समाज के वरिष्ठजनों, युवा प्रतिनिधियों और महिला सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय ने यह संदेश दिया कि सिंधी समाज एकमत होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी गोविंद जेठानी को सौंपी गई है। उपाध्यक्ष पद पर दुलाराम मंगलानी और विजय जसवानी का चयन हुआ है। संगठन की गतिविधियों को गति देने की अहम भूमिका निभाने वाले सचिव पद के लिए प्रीतम सोनी को चुना गया, जबकि सह-सचिव के रूप में महेश केशवानी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वित्तीय व्यवस्था को मजबूती देने हेतु कोषाध्यक्ष पद का दायित्व परमानंद आसवानी को सौंपा गया है। वहीं संगठनात्मक संरचना के महत्वपूर्ण पद महामंत्री के लिए राजेंद्र आसवानी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। समाज द्वारा व्यक्त किए गए विश्वास ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नई कार्यकारिणी से सबकी अपेक्षाएं ऊंची हैं। समाजजनों का मानना है कि अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और सेवा भावना के आधार पर नई टीम पंचायत को नई दिशा देगी और पारदर्शिता व सामूहिकता के साथ सभी वर्गों तक पहुंच बनाएगी। चुनाव के बाद समाज के सदस्यों ने नई टीम को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि आगामी कार्यकाल में समाजिक एकता, सांस्कृतिक गतिविधियों का विस्तार, युवाओं को अवसर और जरूरतमंदों के सहयोग जैसे क्षेत्रों में नई ऊर्जा के साथ कार्य होगा। समाजजनों ने ईश्वर से सभी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल कार्यकाल की कामना की।

# युवा समाजसेवी विकास के संरक्षण में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



ब्योहारी।

स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभागियो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बरकछ मे युवा समाज सेवी इंजीनियर विकाश चतुर्वेदी के संरक्षण मे सीजन 2 विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कबड्डी प्रतियोगिता मे विभिन्न जगह के कई कबड्डी टीमों ने भाग लिया। इस खेल मे बरकछ की टीम और जयसिंहनगर की टीम ने फाइनल मे जगह बनाते हुए उक्त दोनों टीम के बीच फाइनल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बरकछ की टीम विजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच मे पंहुचे मुख्य अतिथियों ने इसे खेल के प्रति लगनशीलता की जीत बताया और खिलाडिय़ों का उत्साह वर्धन किया। खेल की शुरुआत मुख्यअतिथियों ने खिलाडिय़ों से हाथ मिलाकर व खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर खिलाडिय़ों को खेल भावना से खेलने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल से खिलाडिय़ों का शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। इसलिए खेल जरुरी है। कबड्डी के फाइनल प्रतियोगिता मे मुख्य रूप से ब्योहारी विधानसभा के विधायक शरद जुगलाल कोल, वार्ड क्रमांक 03 के जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, ग्राम पंचायत बरकछ सरपंच दादूराम कोल, ग्राम के संभ्रांत नगरीक और गांव के नन्हें मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे। समाज सेवी विकाश चतुर्वेदी द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को शुभकामनायें दी गयी।

## रामपुर बटुरा परियोजनाः आर-पार के मूड में किसान 31 मार्च तक मांगे पूरी नहीं हुई तो बनेगा राष्ट्रीय आंदोलन

# मुआवजा और पुनर्वास में देरी पर भड़का आक्रोश

### भूपेश शर्मा ने प्रबंधन और प्रशासन को दी दो टूक चेतावनी

शहडोल।

रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना के कारण विस्थापन और प्रदूषण का दंश झेल रहे किसानों का सब्र अब जवाब दे गया है। किसान नेता और सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर प्रबंधन और प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि यदि 31 मार्च तक पुनर्वास, मुआवजा और स्थानीय युवाओं को 70 प्रतिशत रोजगार जैसी न्यायसंगत मांगें पूरी नहीं हुईं, तो यह लड़ाई रामपुर से निकलकर राष्ट्रीय जन आंदोलन का रूप लेगी।



### प्रबंधन की सुविधा का खेल

भूपेश शर्मा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रबंधन अपनी सुविधा के लिए बनाए गए कथित नियमों की आड़ में किसानों का हक मार रहा है। उन्होंने मांग की है कि पॉलिसी 2012 लागू कर संपूर्ण परिसंपत्ति का मुआवजा एक साथ दिया जाए। किसानों का कहना है कि खदान शुरू होने से पहले विस्थापन होना चाहिए था, लेकिन यहां किसान आज भी ब्लास्टिंग और प्रदूषण के बीच नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। मकान गिर रहे हैं, लेकिन न मरम्मत की अनुमति है और न ही नया निर्माण संभव है।

### राष्ट्रीय संगठनों का मिला समर्थन

इस लड़ाई को अब सर्व सेवा संघ, अखिल भारत शर्मा मंडल और मध्य प्रदेश सर्वोदय मंडल जैसे बड़े संगठनों का लिखित समर्थन मिल चुका है। किसानों ने स्पष्ट किया है कि यह अब केवल जमीन की नहीं, बल्कि मानवाधिकारों की लड़ाई है।

### प्रमुख मांगें जिन पर अड़ा है किसान संगठन

स्थानीय बेरोजगारों को निजी कंपनियों में 70 प्रतिशत अनिवार्य रोजगार, सीएसआर मद की पूरी राशि केवल प्रभावित क्षेत्रों के विकास में खर्च हो, किसानों के आश्रितों को खदान परियोजना में ही स्थायी काम मिले। इस मुहिम को जनपद सदस्य चंद्र कुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि राजकमल मिश्रा, आनंद त्रिपाठी, सरपंच परेमिया बैगा सहित सैकड़ों ग्रामीणों और जिला पंचायत सदस्यों का पुरजोर समर्थन मिला है। यदि 31 मार्च की समय-सीमा में प्रबंधन ने कदम नहीं उठाए, तो देश भर के जन आंदोलनकारी रामपुर की धरती पर डेरा डालेंगे।

# अंडरवाटर सिग्नल प्रोसेसिंग: रक्षा और अनुसंधान का नया भविष्य

### सोनार और सिग्नल डिटेक्शन तकनीक पर हुई चर्चा
### विश्वविद्यालय में वेबिनार संपन्न

शहडोल।

पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फिजिक्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पानी के नीचे सिस्टम के लिए सिग्नल प्रोसेसिंग विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। वर्तमान वैज्ञानिक और रक्षा अनुसंधान के लिहाज से इस बेहद तकनीकी विषय पर देशभर के शोधार्थियों और छात्रों ने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। वेबिनार के मुख्य वक्ता डीआरडीओ (वैज्ञानिक ई) विकाश शकाय ने गहरे समुद्र के भीतर संचार की चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अंडरवाटर कम्युनिकेशन में सोनार सिस्टम, नॉइज़ रिडक्शन और सिग्नल डिटेक्शन तकनीक का क्या महत्व है। रक्षा क्षेत्र के साथ-साथ पर्यावरण निगरानी और अंडरवाटर रोबोटिक्स में सिग्नल प्रोसेसिंग की भूमिका को उन्होंने वास्तविक उदाहरणों और आधुनिक सॉफ्टवेयर टूल्स के जरिए समझाया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मौशमी कर के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने अंडरवाटर सिस्टम के बहुआयामी अनुप्रयोगों की प्रासंगिकता बताई। इस गरिमामय आयोजन में डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा (डीन, फिजिकल साइंस), डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय (अध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग), डॉ. गणेश संडया (वनस्पति विज्ञान), डॉ. प्रीती पांडेय, अनुराग पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। वेबिनार के अंतिम चरण में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में शोधार्थियों ने अंडरवाटर सिग्नल प्रोसेसिंग और भविष्य के करियर विकल्पों को लेकर तीखे सवाल किए, जिनका वक्ता ने संतोषजनक समाधान किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। विश्वविद्यालय के इस प्रयास को अकादमिक क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम स्टेडियम ग्राउंड में आज

**उमरिया।** स्वामी विवेकानदं जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्टेडियम में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह उपस्थित रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.मरावी ने बताया कि सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमे प्रातः 9 बजे विद्यार्थियों का एकत्रीकरण, एवं उदघोषक व्दारा संपूर्ण कार्यक्रम की भूमिका , प्रातः 9 बजकर 20 मिनट पर मुख्य अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियो का आगमन, प्रातः 9 बजकर 30 मिनट से 10 बजकर 15 मिनट तक राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम का आकाशवाणी व्दारा प्रसारण, स्वामी विवेकानंद जी की रिकार्डेड वाणी का प्रसारण, सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम तथा आभार प्रदर्शन होगा।

### कृषि उपज मंडी से कृषक कल्याण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**उमरिया।** कृषि उपज मंडी में आयोजित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर करकेली विकासखंड के लिए रवाना किया। इस अवसर पर धनुषधारी सिंह ,कमलेश गुप्ता,वीरेन्द्र पटेल,उप संचालक कृषि संग्राम सिंह उपस्थित रहे ।

### कृषि धन-धान्य योजना के तहत जिले में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें-सीईओ



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने जिले में कृषि धन-धान्य योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी लगातार मेहनत कर कृषकों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार योजनाओं का अधिकतम लाभ कृषकों को प्रदान कर खेती में उन्नत तकनीक का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने उक्ताशय के निर्देश जिला पंचायत सभागार में आयोजित कृषि विभाग की योजना के समीक्षा के दौरान कृषि अधिकारियों को दिए। बैठक में सहायक संचालक कृषि श्रीमती वर्षा त्रिपाठी, एसएडीओ पुष्पराजगढ़ तथा कृषि विस्तार अधिकारी एवं अन्य संबंधित जन उपस्थित थे। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा कृषकों को डेमोंसट्रेशन के माध्यम से जागरूक करने पर जोर दिया उन्होंने उन्नत खेती के लिए किए जाने वाले प्रयासों का दस्तावेजीकरण करने तथा प्राकृतिक खेती के महत्व के संबंध में कृषकों को विस्तार से अवगत कराने तथा खेती के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। प्राकृतिक खेती के लिए कृषकों को जैविक रसायन जीवामृत, वीजामृत, घनामृत, और ब्रह्मास्त्र बनाने की प्रक्रिया की जानकारी देने तथा उनके उपयोग के लिए उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश कृषि अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य की समय सीमा में पूर्ति की जाए। उन्होंने मृदा परीक्षण, कृषक जागरूकता कार्यक्रम तथा विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी कृषि विस्तार अधिकारियों से प्राप्त की।

# दिनदहाड़े सराफा कारोबारी से 5 लाख की लूट

## बेखौफ बदमाशों ने पुरुषोत्तम सोनी को बनाया निशाना

### चौकी से महज कुछ दूरी पर वारदात, व्यापारियों में भारी आक्रोश



उमरिया।

जिले के इंदवार थाना अंतर्गत अमरपुर चौकी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। पुलिस की सुस्ती और गश्त के खोखले दावों के बीच बेखौफ बदमाशों ने शनिवार को दिनदहाड़े एक बड़ी लूट को अंजाम देकर पुलिस को सरेआम चुनौती दे डाली। बाइक सवार दो अज्ञात नकाबपोश लुटेरों ने एक सर्राफा कारोबारी की आंखों में धूल झोंककर लगभग 5 लाख रुपये के जेवरातों से भरा बैग छीन लिया और हवा हो गए। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे अमरपुर क्षेत्र में दहशत का माहौल है और स्थानीय व्यापारियों में पुलिसिया कार्यप्रणाली को लेकर जबरदस्त उबाल देखा जा रहा है।

### पलक झपकते ही गायब हो गए लुटेरे

अमरपुर निवासी पुरुषोत्तम सोनी पिता फूलचंद सोनी रोज की तरह अपनी दुकान से सोना-चांदी के जेवरात बैग में भरकर घर लौट रहे थे। दुकान से घर के रास्ते में हाईवे के करीब लगभग 200 मीटर का एक सूनसान हिस्सा पड़ता है। इसी डेथ जोन का फायदा लुटेरों ने उठाया। जैसे ही पुरुषोत्तम सोनी इस सूनसान इलाके में पहुंचे, घात लगाकर बैठे बाइक सवार दो आरोपियों ने उन पर धावा बोल दिया। इससे पहले कि श्री सोनी कुछ समझ पाते या शोर मचाते, बदमाश उनके हाथ से जेवरातों भरा बैग छीनकर बाइक की रफ्तार बढ़ाते हुए रफूचक्कर हो गए। बैग में करीब पांच लाख रुपये मूल्य का सोना और चांदी का कीमती सामान भरा हुआ था।

### सुरक्षा के नाम पर सिर्फ औपचारिकता

यह लूट की घटना सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि अमरपुर पुलिस की सुस्ती का जीता-जागता प्रमाण है। जिस मार्ग पर यह वारदात हुई, वह व्यापारियों और आम लोगों की आवाजाही का मुख्य केंद्र है। इसके बावजूद, पुलिस को उस 200 मीटर के सूनसान हिस्से की संवेदनशीलता कभी नजर नहीं आई। सवाल यह उठता है कि क्या अमरपुर चौकी की गश्त केवल कागजों तक सीमित है। यदि पुलिस की चीता या मोबाइल वैन नियमित रूप से हाईवे और संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करती, तो बदमाशों के हौसले इतने बुलंद न होते।

### व्यापारियों का फूटा गुस्सा

सराफा कारोबारी से हुई इस लूट ने अमरपुर के व्यापारिक जगत को हिला कर रख दिया है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि वे हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर लाखों का सामान लेकर आवाजाही करते हैं, लेकिन पुलिस की सुरक्षा महज एक भ्रम साबित हो रही है। व्यापारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि घटना के बाद एफआईआर दर्ज करना और टीमें बनाना पुलिस की मजबूरी है, लेकिन पुलिस का असली काम अपराध को रोकना है, जिसमें अमरपुर पुलिस पूरी तरह विफल साबित हुई है। यदि संदिग्धों पर नजर रखी जाती और हाईवे पर पुलिस की मौजूदगी होती, तो शायद पुरुषोत्तम सोनी की मेहनत की कमाई इस तरह न लुटती।

### कब सलाखों के पीछे होंगे आरोपी

घटना के घंटों बाद हमेशा की तरह चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह का वही रटा-रटाया बयान सामने आया कि टीमें गठित कर दी गई हैं और आरोपियों की तलाश जारी है, लेकिन स्थानीय जनता अब आश्वासन की घुट्टी पीने को तैयार नहीं है। जनता का सीधा सवाल है कि आखिर पुलिस घटना होने का इंतजार क्यों करती है, सूनसान रास्तों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए जाते। अमरपुर में हुई यह वारदात पुलिस की साख पर एक गहरा धब्बा है। यदि जल्द ही लुटेरे नहीं पकड़े गए और लूटा गया माल बरामद नहीं हुआ, तो व्यापारियों का पुलिस पर से विश्वास पूरी तरह उठ जाएगा।

**किसानों की समृध्दि से ही जिला समृद्ध होगाः कलेक्टर**

# किसानों के कल्याण के लिए मप्र सरकार कृत संकल्पितः अध्यक्ष

## कृषि उपज मंडी में कृषक कल्याण वर्ष कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ








उमरिया।

प्रदेश सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर रूप से कार्य कर रही है।कृषि के क्षेत्र में अनेको योजनाओ का संचालन केंद्र एवं प्रदेश सरकार व्दारा किया जा रहा है, ताकि किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो सके और किसानो के लिए खेती लाभ का धंधा बन सके। उक्त आशय के विचार जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने कृषि उपज मंडी में आयोजित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होने कहा कि किसानो के कल्याण के लिए मप्र सरकार कृत संकल्पित है । किसानो को पीएम किसान सम्माान निधि योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के लाभ से लाभांवित किया जा रहा है । योजना के तहत मिलने वाली राशि का उपयोग किसान खेती किसानी मे कर रहे हैं। इसके साथ ही जिले में 2026 को समृध्द किसान - समृध्द प्रदेश के रूप में कृषि वर्ष मनाया जा रहा है।जिसके तहत किसानो को नई तकनीको,योजनाओ,जैविक खेती,मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आदि नवाचारो की जानकारी कृषि रथ के माध्यम से दी जाएगी। उन्होने अपील करते हुए किसानो से लाभ उठाने की बात कही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि किसानो की समृध्दि से ही जिला समृद्ध बनेगा । किसानो को अन्नदाता कहा जाता है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत जिले मे एक माह तक कृषि रथ का संचालन जिले के तीनो विकासखंडो में किया जा रहा है। रथ के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती करने के बारे जानकारी देने के साथ ही उन्नत बीज, कीट रोग प्रबंधन, किसानो की आय बढ़ाने, रोजगार सृजित करने, फल विवधीकरण,कृषि आधारित उद्यमिता और पराली प्रबंधन जैसी जानकारी प्रदाय की जाएगी। उन्होने कहा कि इसके पूर्व अक्टूबर माह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कृषि धन धान्य योजना का शुभारंभ किया गया था, जिसके तहत दलहन एवं तिलहन की फसलों की खेती करने की बात किसानों से कही।

कार्यक्रम को धनुषधारी सिंह एवं कमलेश गुप्ता ने भी संबोधित करते हुए किसानो से कहा कि जब यह कृषि रथ आपके ग्राम तक पहुंचे तो इसका लाभ निश्चित रूप से उठाएं। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि संग्राम सिंह ने कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए कृषक कल्याण वर्ष 2026 के बारे मे विस्तार से जानकारी प्रदाय की । उन्होंने कहा कि रथ के माध्यम से कृषि,पशु चिकित्सा सेवाएं,उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग की जानकारी प्रदाय की जाएगी।यह रथ एक दिन तीन ग्राम पंचायत मे जाएगा । रथ के माध्यम से जानकारी प्रदाय करने के लिए कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई है ।

कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के जंबूरी मैदान से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि उपज मंडी में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर वीरेन्द्र पटेल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# सावधान! दूषित पानी पिलाया तो नपेंगे अफसरः मुख्यमंत्री

उमरिया




प्रदेश में अब जनता की प्यास और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले अधिकारियों की खैर नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को स्वच्छ जल अभियान का शंखनाद करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पेयजल आपूर्ति में जरा भी ढिलाई या लापरवाही बरती गई, तो संबंधितों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा प्रत्येक नागरिक को शुद्ध जल उपलब्ध कराना नगरीय निकायों का नैतिक और प्रशासनिक दायित्व है, इसमें कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी।

### रोबोट से होगी लीकेज की सर्जिकल स्ट्राइक

मुख्यमंत्री ने तकनीक के जरिए व्यवस्था को कसने के निर्देश दिए हैं। अब प्रदेश के जल शोधन संयंत्रों और टंकियों की निगरानी जीआईएस मैप आधारित एप से होगी। पेयजल लाइनों में सीवेज का गंदा पानी मिलने से रोकने के लिए पहली बार रोबोटिक तकनीक का उपयोग कर लीकेज की जांच की जाएगी। पाइपलाइन और सीवेज लाइन के इंटरसेक्शन पॉइंट चिह्नित किए जाएंगे ताकि दूषित पानी की संभावना को जड़ से खत्म किया जा सके।

### हर मंगलवार जल सुनवाई

अभियान को दो चरणों में 10 जनवरी से 31 मई तक चलाया जाएगा। जनता की शिकायतों के लिए जल सुनवाई का तंत्र विकसित किया गया है। हर मंगलवार को विशेष जनसुनवाई होगी। 181 पर पेयजल संबंधी शिकायतें दर्ज होंगी। मुख्यमंत्री स्वयं रैंडम सैंपलिंग और गुणवत्ता की नियमित जांच की मॉनिटरिंग करेंगे।

### कलेक्टर और निकायों को सख्त हिदायत

उमरिया एनआईसी में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन सहित तमाम आला अधिकारियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पेयजल स्त्रोतों का नियमित परीक्षण हो। यदि पानी दूषित पाया जाता है, तो तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। सरकार का लक्ष्य तकनीक और जवाबदेही के मेल से मध्य प्रदेश को देश में पेयजल प्रबंधन का रोल मॉडल बनाना है।

**कलेक्टर ने जल शोधन यंत्र एवं इंटेकवेल का किया निरीक्षण**

# पानी के निर्धारित मापदंड अनुसार जांच करने बाद ही उपचारित जल का करें प्रदायः कलेक्टर







**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला मुख्यालय उमरिया स्थित जल शोधन यंत्र एवं इंटेकवेल का औचक निरीक्षण किया।जल शोधन यंत्र का कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए जल शोधन की प्रक्रिया को देखा।उन्होने कहा कि पानी की गुणवत्ता की जांच निर्धारित मापदंड के अनुसार ही कि जाए,उसके बाद ही उपचारित जल को टंकियो के माध्यम से प्रदाय किया जाए । इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए ।

कलेक्टर ने इंटकवेल का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इंटकवेल की क्षमता 7.95 एमएलडी है। फिल्टर प्लांट की क्षमता 6.70 एम एल डी है तथा ओव्हर हेड टैंक 6 नग है । ओव्हर हेड टैंक की कुल क्षमता 2204 केएल है। रॉ वाटर पंप 85 एचपी है। डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाईन 62577 मीटर है।कुल नल कनेक्शनों की संख्या 3208 है ।

कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह से कहा कि नगर में सीवज लाईन पाईपो को चेक किया जाए, यदि सीवेज हो रहा है, तत्काल उसकी मरम्मत कराई जाए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री देव कुमार गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे

# स्कूल में हिंसा का गंभीर आरोप, भारत माता स्कूल के संचालक पर छात्र से मारपीट का मामला दर्ज



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के भारत माता पब्लिक स्कूल के संचालक नारायण सिंह के खिलाफ विद्यालय परिसर में छात्र से मारपीट के गंभीर आरोपों में कोतमा पुलिस ने एनसीआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार यह घटना 09 जनवरी की बताई जा रही है, जिसकी शिकायत 10 जनवरी को थाने में दर्ज कराई गई। एनसीआर में पीड़ित छात्र का नाम किशन कुमार साहनी दर्ज है। शिकायत के अनुसार, स्कूल परिसर के भीतर छात्र के साथ शारीरिक मारपीट की गई। पुलिस ने मामले को भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) के तहत पंजीबद्ध किया है, जो जानबूझकर चोट पहुँचाने से संबंधित प्रावधान है। मामले की सूचना पर पुलिस ने जनरल डायरी में प्रविष्टि कर वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय में इस प्रकार की घटनाएँ बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर सख्त कार्यवाही की मांग की है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, स्कूल संचालक नारायण सिंह पर पूर्व में भी कई गंभीर आरोप लगते रहे हैं। इधर, मामले को लेकर अभिभावकों और स्थानीय लोगों की प्रतिक्रियाएँ भी सामने आई हैं। रंगू मिश्रा ने कहा कि नारायण सिंह के साथ ठीक हुआ। सुजीत गुप्ता ने पूरे प्रकरण की स्पष्ट और निष्पक्ष जानकारी सामने लाने की मांग की। हरबंस सिंह पटेल ने भी सख्त प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्राचार्य के साथ ऐसा ही होना चाहिए। दूसरी ओर मनोज सिंह ने कहा कि बिना पूरी सच्चाई जाने लोग प्रतिक्रियाएँ दे रहे हैं, जबकि वास्तविक तथ्य यह है कि मामले में एनसीआर दर्ज हो चुकी है और जांच जारी है। वहीं अभी विवाद ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया और प्रतिज्ञा साझा करते हुए निष्पक्ष जांच और सच्चाई सामने आने की बात कही है। पुलिस का कहना है कि शिकायत, बयान और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद कानून के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# संत शिरोमणि श्री सेन महाराज की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** नगर परिषद जैतहरी द्वारा मिडिल स्कूल जैतहरी के पास निर्मित 'समरसता पथ' का लोकार्पण एवं सामाजिक महापुरुषों की मूर्तियों के अनावरण का भव्य कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सेन समाज के गौरव संत शिरोमणि सेन महाराज' की मूर्ति का अनावरण भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम नगर परिषद जैतहरी के सौजन्य से मुख्य अतिथि श्रीमती हिमाद्री सिंह (सांसद, शहडोल संसदीय क्षेत्र), विशिष्ट अतिथि बिसाहूलाल (विधायक एवं पूर्व मंत्री), हीरा सिंह श्याम (भाजपा जिला अध्यक्ष), सीएमओ, नगर परिषद जैतहरी, विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख, अध्यक्षता उमंग गुप्ता (अध्यक्ष, नगर परिषद जैतहरी), विशेष मार्गदर्शन अनिल गुप्ता (पूर्व अध्यक्ष, विंध्य विकास प्राधिकरण), नरेश नापित (अध्यक्ष, पटना पाल एवं पूर्व पार्षद) के उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न अतिथियो एवं समाज प्रमुखो द्वारा उद्बोधन दिया गया, जिसमें विशेष रूप से आर. के. नापित (संभागीय अध्यक्ष), उमेश नापित के सारगर्भित एवं प्रेरणादायी उद्बोधन अत्यंत प्रभावशाली रहे। इस आयोजन के लिए नगर परिषद जैतहरी, समस्त अतिथियों, समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, मातृशक्ति, युवाओं एवं सभी समाजबंधुओं का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया जाता है, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य एवं सफल हो सका। कार्यक्रम में विशेष रूप से नाथूलाल नापित (संभागीय मुख्य संरक्षक), लाल मन नापित (संरक्षक), जयलाल नापित (संरक्षक), रामकुमार नापित (संभागीय अध्यक्ष), नारायण श्रीवास (कार्यवाहक अध्यक्ष), गिरधारी लाल नापित (संभागीय मुख्य सचिव), लखन नापित (अध्यक्ष, खैरहा), संतोष नापित (अध्यक्ष, लोहारी), नरेश नापित (अध्यक्ष, पटना पाल), गोपाल नापित (संभागीय सचिव), उमेश नापित (अनूपपुर), संतोष (शिक्षक, चोरभटी), रामलाल नापित(पटना पाल सचिव), दशरथ नापित (संभागीय पूर्व महामंत्री), मुन्नी नापित (शिवनी), राम उजागर नापित (जैतहरी), सूरज नापित, बबुआ नापित (उपाध्यक्ष, पटना पाल), भैयालाल सेन, विजय सेन (राजेंद्रग्राम), गुरुचरण सेन (कोतमा), रामभजन नापित (सह सचिव, पटना पाल), गेंदालाल नापित (संभागीय उपाध्यक्ष), ओमकार नापित, गणेश, दीपु नापित, नारायण नापित, राजेश नापित, सुशील सेन, दिनेश सेन, रामायण नापित, डी.पी. सेन, श्रीमती लता सेन, श्रीमती द्रौपदी नापित (पूर्व पार्षद), श्रीमती कंचन नापित, कमला नापित, रुक्मणी नापित, भारती नापित, पूर्णिमा नापित एवं अन्य अनेक माताएं-बहनें व समाजबंधु उपस्थित रहे।

# जिलें में कृषक कल्याण वर्ष 2026 का हुआ शुभारंभ

### प्रभारी मंत्री ने कृषि रथ तथा उद्यानिकी कृषक भ्रमण दल वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**हरिभूमि न्यज अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने जिला पंचायत परिसर से कृषक कल्याण वर्ष 2026 के शुभारंभ अवसर पर कृषि रथ तथा उद्यानिकी विभाग के कृषक भ्रमण दल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य शासन का प्रमुख उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध बनाना है तथा कृषि रथ इसी संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, कलेक्टर हर्षल पंचोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह, कृषि विभाग की सहायक संचालक श्रीमती वर्षा त्रिपाठी एवं कृषि अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। कृषि रथ के माध्यम से जिले के समस्त विकासखंडों एवं ग्रामों में भ्रमण कर राज्य सरकार की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं, नवीन कृषि तकनीकों, अनुदान योजनाओं, बीमा योजनाओं, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी किसानों को प्रदान की जाएगी। इससे कृषकों में जागरूकता बढ़ेगी और वे योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषक रथ यात्रा शुभारंभ के जंबूरी मैदान भोपाल में आयोजित प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम का राज्य स्तरीय सीधा प्रसारण जिला पंचायत सभागार में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) राम लाल रौतेल सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी तथा कृषक एवं कृषि अधिकारी उपस्थित थे।

# क्रिकेट के फायनल मे चयनित होकर कृतिका ने किया नाम रोशन



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** लोक शिक्षा निदेशालय मध्य प्रदेश द्वारा शिवपुरी जिले मे आयोजित किये गये 69वें नेशनल स्कूल गेम्स क्रिकेट चैम्पियनशिप टूर्नामेंट मे कोतमा के देवगवां. निवासी सुरेंद्र सिंह चतुर्वेदी की पुत्री कृतिका सिंह चतुर्वेदी किक्रेट अंडर 19 टीम मे चयनित होकर दिल्ली की टीम को सेमीफाइनल मे हराकर फाइनल मे प्रवेश करते हुए अपनी टीम के साथ जिला एवं क्षेत्र तथा माता पिता का नाम रोशन किया है। क्रिकेट मे कृतिका सिंह चतुर्वेदी का दूसरा स्थान रहा। इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने कहा कि यह कृतिका सिंह के कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय का परिणाम है, जिसके चलते आज उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए लोगों ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। लोगों ने कृतिका सिंह के परिवारजनों को भी इस गौरवपूर्ण अवसर पर शुभकामनाएं दीं और कामना की है कि वह भविष्य में और भी ऊँचाइयाँ प्राप्त करें। यह ऊचाईयां अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेंगी।

## खबर संक्षेप

### जमीनी सौदे में धोखाधड़ी पर मामला हुआ दर्ज

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र में जमीनी सौदे पर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर ग्राम इमलिया निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनोज सिंह 46 वर्ष निवासी ग्राम धपई ने थाना माधवनगर में शिकायत दर्ज कराई कि हरकेश यादव निवासी ग्राम इमलिया ने जमीन बेचने का झांसा देकर उससे ठगी की। दोनों के बीच 2.25 लाख रुपये में जमीन क्रय करने का इकरारनामा हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने जमीन के क्रय-विक्रय की आड़ में कूट रचित तरीके से राशि हड़प ली और इकरारनामे की शर्तों का पालन नहीं किया। इसके बावजूद न तो जमीन का रजिस्ट्रेशन कराया गया और न ही दी गई रकम वापस की गई। शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद माधवनगर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) एवं भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 420 में प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार यह घटना जून 2025 की बताई जा रही है। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### किन्नरों के बीच हुई मारपीट, फाड़ दिये कपड़े

**कटनी।** शहर के व्यस्ततम इलाके शंकर टॉकीज रोड स्थित शालीमार मार्केट के पास शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब किन्नरों के एक समूह ने एक अन्य किन्नर को पकड़कर सरेआम जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान पीड़ित किन्नर के कपड़े तक फाड़ दिए गए, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हंगामा करीब आधे घंटे तक चलता रहा। इस दौरान सड़क पर लोगों की भारी भीड़ लग गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि हंगामा लंबे समय तक चलता रहा। बताया जा रहा है कि यह मारपीट सीमा विवाद और पैसों के लेनदेन को लेकर हुई, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। इस मामले में थाने में किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है और न ही पुलिस को घटना की कोई औपचारिक जानकारी मिलने की बात कही जा रही है। घटना के बाद संबंधित किन्नर समूह मौके से अलग-अलग दिशा में चला गया।

### हत्या के प्रयास के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** हत्या के प्रयास के मामले के आरोपित को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर दिया है। पुलिस के अनुसार 9 जनवरी 2026 को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने घर के सामने बीड़ी के पत्ते बोरी में भर रहा था, तभी गांव का निवासी कुंवर पटेल वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद आरोपी अपने घर के ऊपर वाले कमरे में गया और जान से मारने की नीयत से पत्थर फेंका, जो चांदनी पटेल के सिर पर जा लगा। गंभीर चोट लगने से चांदनी पटेल के सिर से खून बहने लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजन तत्काल उसे चौकी ले गए, जहां से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कुंवर पटेल बड़गांव मोड़ के पास खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया और विधिवत गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, सउनि दामोदर राव, प्रधान आरक्षक व्यास गुप्ता, भारत विश्वकर्मा, आरक्षक सौरभ जैन, लव उपाध्याय, दिलकेश्वर सिंह, संदीप भलावी, विकास तथा सैनिक धनेंद्र त्रिपाठी का योगदान रहा।

## वार्षिकोत्सव समारोह नन्हे मुन्ने बच्चों ने दी अदभुत प्रस्तुति

# किड्ज़ प्री-स्कूल ने विलासा इंटरनेशनल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ वार्षिकोत्सव समारोह मनाया

### छात्रों के जीवन में शिक्षा, संस्कार कराने का अनुभव प्रयास

बुढार।

रविवार को किड्ज प्ले स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम का आयोजन विलाशा इंटरनेशनल में मुख्यातिथि राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक शिवेंद्र कुमार द्विवेदी एवं श्रीमती आशा चमाडिया अंजू अग्रवाल के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।









कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा निवृत्त शिक्षक शिवेंद्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि चमाडिया परिवार के द्वारा आज पचास साल पहले नगर में दो स्कूलों की स्थापना कराई थी और उस परंपरा को आज उनके पुत्रों के द्वारा जीवांत रखा है शिक्षा और शिक्षक से शिक्षा ग्रहण करने वाले अपने उज्जवल भविष्य को संवारते हैं।

राष्ट्रपति शिक्षक शिवेंद्र कुमार द्विवेदी का डायरेक्टर राजेश कुमार चमाडिया ने श्रीफल शाल भेंटकर सम्मानित किया।

### कार्यक्रम - 'सृजन - रचनात्मकता का उत्सव

उत्कृष्ट सार्वजनिक भाषण कौशल के लिए मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

प्रथम स्थान - सुभिक्षा त्रिपाठी,द्वितीय स्थान - आरवी जैन और चिराग चमारिया,तृतीय स्थान - हमदान सईद अव्वल रहे।

विशेष प्रस्तुतियाँ .ताशी डोडानी के नेतृत्व में नर्सरी के विद्यार्थियों ने 'मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग न करें' विषय पर नृत्य प्रस्तुत किया।

**माँओ ने अपने बच्चों के साथ नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें माँ और बच्चे के विशेष बंधन को दर्शाया गया।**

विद्यार्थियों द्वारा 'शेर और चूहा' की सरल कहानी पर अधारित जीवांत नाटक प्रस्तुति दी।

जूनियर केजी के विद्यार्थियों ने रेट्रो गानों पर जमकर प्रस्तुति दी। तीन साल के प्ले ग्रुप के विद्यार्थियों ने बॉलीवुड गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया। २ मिनट की रामायण की बेहतरीन एकल प्रस्तुति ४ साल के अन्वित जैन द्वारा डुएट डांस आरवी और मुश्का जैन के द्वारा रंगीन वेशभूषा में सजे बच्चों ने नृत्य, कविता पाठ और लघु नाटकों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जो उनकी कम उम्र में ही आत्मविश्वास और रचनात्मकता को दर्शाता है। समारोह का समापन आभार के साथ हुआ, जिससे माता-पिता अपने बच्चों के प्रदर्शन से प्रसन्न और गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। वार्षिक दिवस समारोह किड्ज़ प्री-स्कूल परिवार के लिए एक यादगार और सफल आयोजन रहा।

**अतिथियों का स्वागत प्रिंसिपल अनुषा अग्रवाल एवं धन्यवाद डायरेक्टर कांचा चमड़िया एवं मंच संचालन शुभांगी गुप्ता ने किया।**

कार्यक्रम में विधालय की प्राचार्य अनूशा अग्रवाल, श्रीमती आशा चमाडिया, कांझा चमाडिया,डायरेक्टर राजेश चमाडिया, मनीष चमाडिया, सहित छात्रों के अभिभावकों की विशेष उपस्थिति रही।

# कांग्रेस की आंखों में क्यों चुभ रही जी राम जी योजना

### 100 की जगह 125 दिन के रोजगार की गारंटी
### मंत्री ने कांग्रेस को विकास विरोधी करार दिया



**उमरिया।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित एक गर्मागरम प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कांग्रेस पर करारा प्रहार किया है। मंत्री जायसवाल ने दो टूक शब्दों में कहा कि कांग्रेस को विकसित भारत जी राम जी योजना का नाम और काम दोनों रास नहीं आ रहे हैं, क्योंकि यह पार्टी न केवल भगवान श्री राम की विरोधी रही है, बल्कि अब देश के विकास में भी सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ी हो गई है।

#### कांग्रेस के पेट में दर्द क्यों

मंत्री दिलीप जायसवाल ने विपक्ष के दुष्प्रचार की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में योजनाएं केवल नेताओं के नाम चमकाने और भ्रष्टाचार के लिए बनती थीं। उन्होंने खुलासा किया कि कांग्रेस के समय ऐसी लगभग 200 योजनाएं थीं जो केवल कागजों और प्रचार तक सीमित थीं। राज्यमंत्री ने हमलावर लहजे में कहा जी राम जी योजना ग्रामीण विकास की धुरी है। कांग्रेस को डर है कि यदि ग्रामीणों तक यह लाभ पहुंच गया तो उनकी बची-कुची सियासी जमीन भी खिसक जाएगी। इसीलिए नाम को लेकर भ्रम फैलाना कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा रह गया है।

#### मजदूरों की आय सुरक्षित, किसानों पर बोझ नहीं

राज्यमंत्री ने योजना की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए इसे ऐतिहासिक बदलाव बताया। योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि अब मजदूरों की मजदूरी महंगाई सूचकांक के अनुसार अपने आप बढ़ेगी। इससे श्रमिकों की क्रय शक्ति सुरक्षित रहेगी और किसानों पर कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। ग्रामीण परिवारों को 100 के बजाय 125 दिनों के वैधानिक रोजगार की गारंटी मिलेगी। मजदूरी का पैसा हर हफ्ते या अधिकतम 15 दिनों में सीधे खाते में आएगा।

#### ग्राम सभा तय करेगी विकास का खाका

मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि इस योजना ने सत्ता का विकेंद्रीकरण किया है। अब दिल्ली या भोपाल से नहीं, बल्कि ग्राम सभा और पंचायतों के माध्यम से विकास की योजनाएं तय होंगी। इसमें जल संरक्षण, ग्रामीण बुनियादी ढांचा और आजीविका संवर्धन जैसे टिकाऊ कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए इसे पीएम गति शक्ति जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है।

#### कृषि और श्रमिक हितों का बेजोड़ संतुलन

अक्सर बुआई और कटाई के समय श्रमिकों की कमी की समस्या आती थी, जिसका समाधान इस योजना में कर दिया गया है। राज्यों को अधिकार दिया गया है कि वे सीजन के अनुसार 60 दिनों की विराम अवधि तय कर सकें, ताकि खेती का काम प्रभावित न हो। इसके बावजूद श्रमिकों का 125 दिन का रोजगार अधिकार सुरक्षित रहेगा।

#### बीजेपी के दिग्गजों की मौजूदगी

इस महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, अमित सिंह, महामंत्री हरीश विश्वकर्मा, दीपक छतवानी, राधे कोल और जिला मीडिया प्रभारी कौशल विश्वकर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का गेम चेंजर बताया। मंत्री दिलीप जायसवाल के तेवरों से साफ है कि भाजपा इस योजना को लेकर फ्रंटफुट पर खेल रही है। जी राम जी योजना के जरिए सरकार ने न केवल रोजगार की गारंटी दी है, बल्कि कांग्रेस के भ्रम जाल को काटने के लिए तकनीक और पारदर्शिता का बड़ा ढाल भी तैयार कर लिया है।

# टायर पंचर दुकान में गैस सर्किट से भड़कीं आग, सामान जलकर हुआ खाक




**शहडोल।** जनपद पंचायत जयसिंहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा बस स्टैंड के समीप टायर पंचर की दुकान में रखे सिलेंडर गैस फटने से दुकान में लगी आग लगभग 30 हजार का सामान जलकर हुआ खाक।

ग्राम सेमरा में साइकिल मरम्मत की दुकान में तड़के सुबह अचानक आग लग जाने के कारण दुकान के अंदर रखे सामान और मोटरसाइकिल का टायर ट्यूब एवं बोलेरो का टायर ट्यूब एवं चार चाकिये गाड़ी के अधिक मात्रा में ट्यूब और साइकिल दुकान में मरम्मत में कार्य में आने वाले सामान लगभग 30 से 35 हजार रुपये का सामान एवं नगद 24 हजार रुपए एवं घर के सोने चांदी के आभूषण सामान सब जलकर राख हो गए जिसकी अनुमानित कीमत पुलिस ने 50 हजार आंकी है। पुलिस ने आगजनी क़ायम कर विवेचना प्रारम्भ कर दी है।

# बुढार में क्रिकेट का महाकुंभ: कल से गूंजेगा बल्ला

## विधायक गोल्ड कप का होगा भव्य शंखनाद

शहडोल







संभाग के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुडऩे जा रहा है। बुढार स्थित स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम मंगलवार 13 जनवरी से देश भर के दिग्गजों की रणभूमि बनने जा रहा है। पिछले 36 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को जीवंत करते हुए फ्रेंड्स स्पोर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का भव्य आगाज होने जा रहा है। यह आयोजन न केवल शहडोल बल्कि समूचे मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा क्रिकेट महोत्सव माना जाता है।

#### दिल्ली-इलाहाबाद की टीमें भी शामिल

इस क्रिकेट महाकुंभ की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें देश के विभिन्न कोनों से कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। आमंत्रण पत्र के अनुसार, बुढार की 4 स्थानीय टीमों के अलावा दिल्ली, इलाहाबाद, बिलासपुर, जबलपुर, रीवा, डीसीए कोरिया-मनेंद्रगढ़, पेंड्रा और डीसीए उमरिया की टीमें मैदान पर अपना पसीना बहाएंगी। टूर्नामेंट का उद्घाटन मंगलवार सुबह 11 बजे होगा, जबकि खिताबी जंग 21 जनवरी को लड़ी जाएगी।

#### आईपीएल की तर्ज पर रोमांच

विधायक गोल्ड कप अब एक बड़े ब्रांड इवेंट का रूप ले चुका है। यहां आईपीएल की तर्ज पर खिलाडियों और टीमों की खरीद-फरोख्त होती है और बड़े संस्थानों द्वारा स्पॉन्सरशिप दी जाती है। इस वर्ष विजेता टीम को 1,01,000 रुपये और उपविजेता को 51,000 रुपये के नकद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज जैसे कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

#### फ्रेंड्स क्लब की अटूट एकता

विधायक जयसिंह मरावी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में यह आयोजन इस बार और अधिक भव्य हो चुका है। आयोजन समिति के संस्थापक सदस्य और पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश विशनानी ने बताया कि फ्रेंड्स क्लब केवल एक समिति नहीं, बल्कि एक सामाजिक सेतु है। इसमें हर राजनीतिक दल, व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे भारी संख्या में पधारकर इस ऐतिहासिक खेल उत्सव का हिस्सा बनें और खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करें।

# कोर्ट ले जाते समय भागा आरोपी, दो आरक्षक निलंबित

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र से पुलिस की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। कबाड़ चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया आरोपी अमरजीत बैगा पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार आरोपी को रविवार की सुबह न्यायालय में पेश करने के लिए ले जाया जा रहा था, तभी उसने मौका पाकर पुलिस को चकमा दिया और कोर्ट परिसर के बाहर ही दौड़ लगाते हुए फरार हो गया। घटना के बाद पूरे पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया है।




अमरजीत बैगा पर पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें कबाड़ चोरी का मामला प्रमुख है। सोहागपुर थाना पुलिस ने उसे हाल ही में गिरफ्तार किया था। न्यायालय ले जाने की प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक सामने आई। कोर्ट के बाहर पहुंचते ही आरोपी पुलिस की पकड़ से हाथ छुड़ाकर भाग निकला, जिससे कस्टडी मैनेजमेंट पर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की निगरानी में तैनात दोनों आरक्षकों मनोज बैगा और हनुमान सिंह को निलंबित कर दिया। एसपी ने स्पष्ट कहा कि आरोपी की सुरक्षा और कस्टडी में उसकी जिम्मेदारी पुलिस की होती है, और इस तरह की लापरवाही किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।

अब आरोपी के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की जाएगी। कस्टडी से भागने की घटना को गंभीर मानते हुए कोतवाली थाने में आरोपी अमरजीत बैगा के खिलाफ एक अतिरिक्त प्रकरण दर्ज किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपी पर पहले से चले आ रहे मामलों के साथ यह नया मामला उसकी सजा और कानूनी कार्रवाई को और गंभीर बना देगा।

इस बीच पुलिस विभाग आरोपी की तलाश में सक्रिय हो गया है। आस-पास के इलाकों में खोजबीन जारी है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। कोर्ट परिसर और मार्ग के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, जिससे आरोपी के भागने की दिशा और उसकी गतिविधियों का पता लगाया जा सके। घटना को लेकर आम लोगों में चर्चा तेज है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर सुरक्षित माने जाने वाले कोर्ट परिसर में पुलिस किस तरह आरोपी पर नियंत्रण खो बैठी। यह घटना एक बार फिर पुलिस की सतर्कता, सुरक्षा घेरा और कस्टडी प्रबंधन पर गंभीर सवाल छोड़ गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और लापरवाही की जांच आगे भी जारी रहेगी, ताकि ऐसी घटनाएं भविष्य में दोबारा न हों।

# विद्यार्थियों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने विशेष शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश एवं एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग, नोडल अधिकारी डॉ रुक्मणी प्रताप सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 9 एवं 10 जनवरी को दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस विशेष शिविर में 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेने वाले विद्यार्थियों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़े गये। शीघ्र ही उनको परिचय पत्र प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर डॉक्टर माधुरी गर्ग ने विद्यार्थियों को वोटर आईडी के महत्व के बारे में बताते हुये कहा कि हम सभी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेने के पश्चात अपना वोटर आईडी बनवाना चाहिए, तभी हम लोकतंत्र के हिस्सेदार बन सकते हैं। इसी प्रकार मतदाता सूची में नाम जोड़ने की समस्त प्रक्रिया से अवगत कराते हुए सुपरवाइजर के रूप में और डॉक्टर सरदार दिवाकर और सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि आप फॉर्म 6 भरिए और भर करके अपने मोहल्लों के बीएलओ को प्रदान करें। इस फार्म के साथ आवश्यक दस्तावेज 10वीं की अंकसूची माता- पिता के वोटर आईडी की छाया प्रति और दो फोटो अनिवार्य है। विद्यार्थियों से संपर्क स्थापित किया

## खबर संक्षेप

### अमरकंटक में तेज रफ्तार दुर्घटनाओं पर चिंता



**अमरकंटक।** तीर्थ नगरी अमरकंटक में इन दिनों तेज रफ्तार वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। आए दिन हो रही इन दुर्घटनाओं से आम नागरिकों, श्रद्धालुओं तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई है। विशेषकर नगर के प्रमुख मार्गों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों तथा विद्यालयों के आसपास तेज गति से दौड़ते वाहन जानलेवा साबित हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार प्रशासन को मौखिक व लिखित रूप से अवगत कराने के बावजूद अभी तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। स्कूल खुलने और छुट्टी के समय बच्चों की आवाजाही के दौरान तेज रफ्तार वाहन दुर्घटना की आशंका को और बढ़ा देते हैं। वहीं पर्यटन सीजन में बाहर से आने वाले वाहन चालकों द्वारा नियमों की अनदेखी भी दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रही है। नगरवासियों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर के संवेदनशील स्थानों, विद्यालयों, अस्पतालों, बाजार क्षेत्र तथा तीर्थ मार्गों पर शीघ्र गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाए जाएं। साथ ही यातायात संकेतक, चेतावनी बोर्ड एवं नियमित पुलिस गश्त की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में बड़ी दुर्घटनाएं होने से इनकार नहीं किया जा सकता। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर कब तक ठोस कार्रवाई करता है और अमरकंटक की सड़कों को सुरक्षित बनाता है।

### राजेश पयासी बने पुनः म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष





**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिनेश अग्रवाल एवं संभागीय अध्यक्ष अजीत मिश्रा के सुझाव और संगठन प्रभारी मोहम्मद अली की सलाह पर अनूपपुर जिला इकाई के जिलाअध्यक्ष पद पर दैनिक नवस्वदेश, के जिला ब्यूरो राजेश पयासी मिश्रा कोतमा को दूसरी बार जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है वही जिला महासचिव के रूप में दैनिक यूथ अपडेट के स्थानीय संपादक अनुपम सिंह को जिले के महासचिव पद पर नियुक्ति किया गया है। प्रांतीय महासचिव सत्यनारायण वैष्णव ने दोनों को उक्त दोनों पदों पर विधिवत नियुक्त करने की घोषणा की है और विश्वास जताया है कि संगठन के लिए दोनों हमेशा की ही तरह जिले के सभी मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार साथियों के मान-सम्मान, स्वाभिमान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगे। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियो ने बताया है कि प्रदेश संगठन के आदेश पर 11 जनवरी तक अपनी नवीन जिला कार्यकारिणी बना कर प्रदेश कार्यालय को प्रेषित कर देंगे। दोनों की नियुक्ति पर जिले के अमरकंटक, राजेंद्र ग्राम, करपा, बेनिवारी, वेंकट नगर, जैतहरी, अमलाई, चचाई, बरगवां, देवहरा, फुनगा, जमुना, भालू माडा, पसान, कोतमा निगवानी, बिजुरी, राजनगर, रामनगर, पौराधार, आमांडाड क्षेत्र के साथ-साथ जिले के अन्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी पत्रकारों व शुभचिंतकों ने बधाई व शुभकामनाएं दिए है।

### मातृशोक पर पत्रकार जगत में शोक की लहर



**अनूपपुर।** चोलना निवासी राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के सक्रिय सदस्य पत्रकार अजीत तिवारी की पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती कुसुम तिवारी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से तिवारी परिवार सहित संपूर्ण पत्रकार जगत में शोक की लहर व्याप्त है। यह क्षति अपूरणीय मानी जा रही है। दिवंगत माताजी की अंतिम यात्रा 11 जनवरी को उनके निज निवास चोलना से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करी। इस दुःखद समाचार के उपरांत जिले एवं संभाग के पत्रकारों, सामाजिकजनों तथा राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की एवं शोकसंतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य व संबल प्रदान करने की कामना की।

## जब खुद ही वेंटिलेटर पर जिला अस्पताल, तो मरीजों का कैसे हो इलाज

# अस्पताल में डॉक्टर नहीं स्टूडेंट करते मिले ट्रीटमेंट

हरिभूमि मुहिम





### जिला अस्पताल मे स्टाफ, उपकरण और प्रबंधन तीनों स्तर पर चुनौतियां मौजूद

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

हरिभूमि के खबर लगातार के चौथे पार्ट मे जिला अस्पताल मे ''धरती के भगवान वर्सेस मरीजों की जान'' पर तथ्यात्मक बातें होंगी। जिला अस्पताल अनूपपुर मे लापरवाही की हद पार करते हुये चिकित्सक मरीजों की जान से खिलवाड़ करने पर आमादा हैं वही सिविल सर्जन सिर्फ अपनी हाजिरी तक ही सीमित रहते हैं। इस संबंध मे उनसे शिकायत करने पर उनके द्वारा कार्यवाही का रटा रटाया आश्वासन देने के अलावा कोई भी ठोस कदम नही उठाया जाता। जब प्रबंधक ही ढीला होगा तो निश्चित ही उनके अधीनस्थ मनमानी करेंगे यह अटल सत्य है। दूसरी तरफ मेडिकल स्टाफ का भी मरीजों के प्रति रूखापन यहां की दुरूस्त व्यवस्था की पोल खोल रहा है।

#### छात्र कर रहे इलाज

अस्पताल में छात्र (स्टूडेंट) इलाज नहीं करते, बल्कि अस्पतालों में वे डॉक्टरों से प्रशिक्षण लेते हैं और वरिष्ठ डॉक्टरों की निगरानी में मरीजों का इलाज सीखते हैं, जिसे चिकित्सा शिक्षा कहते हैं, और यह एक सामान्य प्रक्रिया है जहाँ छात्र (मेडिकल स्टूडेंट्स) अनुभवी डॉक्टरों के मार्गदर्शन में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं, जिससे वे भविष्य के कुशल कर्मचारी/डॉक्टर बन सकें। छात्र मरीजों की जांच करते हैं (जैसे ब्लड प्रेशर, तापमान) और रिपोर्ट देखते हैं। वे वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ परामर्श में शामिल होते हैं। यह सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है, जहाँ वे किताबों से सीखी हुई बातों को असल मरीजों पर लागू करते हैं। संक्षेप में कहें तो अस्पताल में 'स्टूडेंट' इलाज नहीं करते, बल्कि मेडिकल स्टूडेंट होते हैं जो डॉक्टरों की देखरेख में इलाज करना सीख रहे होते हैं, और यह चिकित्सा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, परंतु जिला अस्पताल मे स्टूडेंट को ही डॉक्टर का दर्जा दे दिया जाता है और वे डॉक्टर की सलाह पर इलाज को उतारू हो जाते हैं। जबकि यह गंभीर मामला है जिसे सिविल सर्जन को बताने पर उनके द्वारा भी न तो उचित कार्यवाही की जाती है और न ही स्वयं कोई एक्शन लेते हैं।

#### घंटो बाद भी मरीज तक नही पहुंच पाये डॉक्टर

बीते दिवस ऐसा ही एक मामला देखा गया जहां जिला अस्पताल के जनरल वार्ड मे डॉक्टर की अनुपस्थिति मे सीखने आये पैरामेडिकल छात्र ही मरीज का इलाज करते देखे गये, इस दौरान सिविल सर्जन को बुलाने पर उनके द्वारा टालमटोल की स्थिति मे डॉक्टर को भेजने की बात कही गई। जब डॉक्टर कुछ समय बाद भी नही पहुंचे तो दोबारा सिविल सर्जन के पास जाने पर उनके द्वारा खुद उपचार करने की बात कहकर परिजनों को मरीज के पास जाने को कहा गया, लेकिन घंटों बाद भी सिविल सर्जन मरीज के पास तक नही पहुंच पाये। इस दौरान सीखने आये छात्र ही मरीज को इंजेक्शन लगाने समेत अन्य प्रकार के इलाज करते देखे गये। इस दौरान कई बार छात्रों से चूक भी हुई। इस तरह की गंभीर लापरवाही यहां के लिए सामान्य बात है।

#### लगते रहते मनमानी व लापरवाही के आरोप

जिला अस्पताल मे समय पर डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं आने के आरोप अक्सर लगते रहते हैं वही मरीजों का इलाज प्रभावित होने व उन्हें रेफर करने का आरोप भी सामान्य हो गया है इसी तरह यहां के आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण की सुर्खियां अक्सर सोशल मीडिया मे बनी रहती है। सफाई और अन्य स्टाफ को समय पर वेतन और एरियर नहीं मिलता, जिससे वे हड़ताल पर चले जाते हैं, और उनके काम से इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित होती हैं। साथ ही गंदे चादर, गंदगी, खुली नालियां और एक्सपायर्ड अग्निशमन सिलेंडर जैसी समस्याएं हैं, जिस पर प्रशासन ने नाराजगी जताई है। इसके अलावा मुख्य गेट पर वाहनों का जमावड़ा और मरीजों के परिजनों के खुले में कपड़े सुखाने जैसी अव्यवस्था देखी गई है तो इलाज में टालमटोल भी यहां के सिस्टम का एक हिस्सा है। एक मरीज के परिजनों ने तो डॉक्टर पर ऑपरेशन के नाम पर भर्ती रखने और फिर व्यवस्था न होने का बहाना बनाकर रेफर करने तक का आरोप लगाया था। इन मामलों मे डिप्टी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण कर समय पर न आने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई और साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए हैं वही कलेक्टर ने भी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निगरानी और सुधार के निर्देश दिए हैं। कुल मिलाकर, अनूपपुर जिला अस्पताल में व्यवस्थागत सुधार की आवश्यकता है, जहां स्टाफ, उपकरण और प्रबंधन, तीनों स्तर पर चुनौतियां मौजूद हैं।

#### जिला अस्पताल में चरम पर मनमानी

जिला अस्पताल में मनमानी का मतलब अक्सर मरीजों और उनके तीमारदारों द्वारा सामना की जाने वाली अव्यवस्था, जैसे डॉक्टरों और स्टाफ की लापरवाही, सुविधाओं की कमी, और दवाओं या जांचों के लिए बाहरी प्राइवेट लैब पर निर्भरता है, जिससे मरीजों को परेशानी होती है और शिकायतें आती हैं, जिनके समाधान के लिए उच्च अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ता है। डॉक्टरों और नर्सों द्वारा मरीजों की उचित देखभाल न करना जैसे नियमों का उल्लंघन करना, जबकि कई बार स्टाफ की कमी से उन्हें विपरीत परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। अक्सर संसाधनों (जैसे दवाइयां, उपकरण, या विशेषज्ञ) की कमी होती है, जिससे मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। जिला अस्पताल में मनमानी एक गंभीर समस्या है जो अक्सर संसाधनों की कमी और कुछ कर्मचारियों की गैरजिम्मेदाराना हरकतों के कारण होती है, जिससे मरीजों को परेशानी होती है और कई बार प्रशासनिक हस्तक्षेप की आवश्यकता पड़ती है।

## रात्रि में दुकान की शटर का ताला तोड़कर चोरी के लिए घुसा चोर रंगे हाथो गिरफ्तार




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में एवं टी. आई. कोतवाली अरविंद जैन के नेतृत्व में पुलिस द्वारा अनूपपुर नगर में पुरानी सब्जी मण्डी में देर रात्रि में अग्रवाल सेल्स लोहा सरिया की दुकान का शटर का ताला तोड़कर चोरी के लिए घुसे चोर को रंगे हाथो पकड़ा जाकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 09 एवं 10 जनवरी की दरम्यानी रात थाना कोतवाली से रात्रि गश्त पुलिस पार्टी सहायक उपनिरीक्षक संतोष वर्मा, प्रधान आरक्षक राजकुमार साहू एवं आरक्षक अमित यादव की टीम के द्वारा शोएब अंसारी निवासी बार्ड न. 08 अनूपपुर के द्वारा सूचना दिये जाने पर रात करीब 12.00 बजे अनूपपुर नगर में पुरानी सब्जी मण्डी में महाबीर प्रेस के सामने गिरधारीलाल अग्रवाल पिता बृजमोहन अग्रवाल उम्र 48 साल निवासी वार्ड न. 04 रामजानकी मंदिर रोड अनूपपुर की लोहा, सरिया विक्रय का आफिस में दुकान की शटर का ताला तोड़कर चोरी के लिए अंदर घुसे युवक नानदादा कोल पिता शिवप्रसाद कोल उम्र करीब 22 साल निवासी ग्राम सड्डी थाना कोतमा जिला अनूपपुर को रंगे हाथो पकड़ा जाकर दुकान में घुसे युवक से ताला तोड़ने में प्रयुक्त लोहे का प्लास, लोहे का नुकीला बरमा एवं लोहे का जैक के साथ पकड़ा जाकर गिरधारीलाल अग्रवाल की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 23/26 धारा 331 (4) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार किया गया है। रात्री गश्त में डियूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही से एक बड़ी चोरी की घटना बच गई एवं कोतवाली पुलिस द्वारा रंगे हाथो पकड़े गये चोर से जिले में हुई अन्य चोरियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा रात्रि गश्त के दौरान सूचना पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जाकर चोर को रंगे हाथो पकड़ने के लिए कोतवाली पुलिस टीम को पुरुष्कृत किये जाने की घोषणा की गई।

## मतगणना सुनने के लिए बैठे लोगों को जान से मारने की कोशिश करने वाले आरोपियों को 10-10 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि आरोपी शंकर चौधरी पिता स्व. बालकरण चौधरी उम्र 20 वर्ष एंव संतोष कुमार चौधरी पिता स्व. बालकरण चौधरी, उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी सोन मौहरी, थाना कोतवाली अनूपपुर 01 जुलाई 2022 को रात्रि करीब 09:00 बजे पुलिस थाना अनूपपुर अन्तर्गत ग्राम सोन मौहरी में फाटक हाई स्कूल के पास वोट की गिनती सुनने के लिये बैठे हुए फरियादी कदमिया बाई एवं अन्य आह्तगण राधेश्याम चौधरी, कपसू चौधरी व सोना चौधरी को मां-बहन के अश्लील शब्द उच्चारित कर उन्हें एवं अन्य सुनने वालो को क्षोभ कारित किया एवं लाठी- डण्डा एवं टांगी/कुल्हाडी से मारकर गंभीर प्राण घातक चोटे कारित की जिससे मृत्यु हो सकती




थी तथा यदि मृत्यु होती तो हत्या के दोषी होते। उक्त अपराध के संबंध में फरियादी ने थाना कोतवाली अनूपपुर मे आकर रिपोर्ट लिखवाई। जिसके संबंध में थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध क्रमांक 370/2022 धारा 294, 323, 506, 34, 307 भारतीय दण्ड संहीता में पंजीकृत किया गया। पुलिस के द्वारा विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा घटना के संबंध में आहतगण एवं अन्य साक्षियों के बयान लिया गया एवं जप्ती की कार्यवाही की जाकर जांच हेतु एफ0एस0एल0 सागर भेजा गया। मामले में पुलिस की ओर से न्यायालय के समक्ष संपूर्ण विवेचना के उपरांत अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल कें न्यायालय में सुनवाई की गयी जिसमें शासन की ओर से लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने 14 साक्षियों के साक्ष्य कराये और 23 दस्तावेजों को परीक्षत कराया गया। वही पर आरेपी के अधिवक्ताओ ने 4 दस्तावेज को प्रदर्शित कराया। साक्ष्य एवं विचारण उपरांत शासन की ओर से पैरवी कर रहे लोक अभियोजक द्वारा रखे गए तर्कों और बहस तथा मामले की गम्भीरता एवं परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी शंकर चौधरी एंव संतोष कुमार चौधरी को भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 294, 323, 506, 34, 307 में आरोपियो को दोषी पाते हुए दोषसिद्ध ठहराया गया जिसमें आरोपी को 10-10 साल का कारावास एवं 5,000 रू0 जुर्माना से दंडित किया गया। आरोपी को निर्णय उपरान्त न्यायिक अभिरक्षा जिला जेल अनूपपुर में भेज दिया गया।

## ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने बताया मकर संक्रांति का महत्व

# मकर संक्रांति का महत्व सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने बताया मकर संक्रांति का महत्व (उत्तरायण) के कारण है, जो शुभता, नई ऊर्जा और शुभ कार्यों (विवाह, गृह प्रवेश) की शुरुआत का प्रतीक है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, तिल-गुड़ का दान, खिचड़ी का भोग और पतंगबाजी होती है, जिससे खरमास समाप्त होता है और पुण्य फल की प्राप्ति होती है। यह पर्व नई फसल, सामाजिक एकता और भीष्म पितामह के देह त्याग से भी जुड़ा है। सूर्य का उत्तरायणः मकर संक्रांति से सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करते हैं, जिसे देवताओं का दिन और शुभ समय माना जाता है, जिससे खरमास समाप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनिदेव (जो मकर राशि के स्वामी हैं) से मिलने उनके घर जाते हैं। पवित्र नदियों (गंगा, यमुना



आदि) में स्नान से पापों का नाश होता है और पुण्य लाभ मिलता है। भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्यागने के लिए इसी उत्तरायण काल (मकर संक्रांति) का इंतजार किया था। इस दिन से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। यह नई फसल के आगमन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व है, जो लोहड़ी, पोंगल जैसे नामों से भी मनाया जाता है। तिल, गुड़, वस्त्र, अन्न, खिचड़ी आदि का दान करने से विशेष पुण्य मिलता है। तिल के लड्डू, खिचड़ी, गजक, रेवड़ी जैसे पकवान बनाए जाते हैं। गुजरात और राजस्थान में पतंग उड़ाना इस पर्व का एक प्रमुख हिस्सा है, जिससे आकाश रंगीन हो जाता है।

अखिलेश त्रिपाठी कहते हैं कि मकर संक्रांति के बाद से ठंड कम होने लगती है और वातावरण में सकारात्मक बदलाव आते हैं। तिल और गुड़ से बनी खिचड़ी पाचन और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करती है। साल 2026 में मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाएगी, क्योंकि सूर्य देव 14 जनवरी की दोपहर 3 बजकर 13 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे, और उदयातिथि के अनुसार स्नान-दान के लिए 15 जनवरी को मनाना ज्यादा शुभ माना जाता है, हालांकि सूर्य का राशि परिवर्तन 14 की रात में होने से कई लोग इसे 15 जनवरी को मनाएंगे। ज्योतिषाचार्य अखिलेश त्रिपाठी बताते हैं 14 जनवरी (सूर्य का राशि परिवर्तन). मनाने का दिन (उदयातिथि): 15 जनवरी (स्नान-दान के लिए). 14 जनवरी दोपहर 3:13 बजे. अखिलेश त्रिपाठी बताते हैं कि सूर्य का मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी की रात को हो रहा है, लेकिन शास्त्रों के अनुसार, सूर्योदय के बाद जब सूर्य राशि बदलते हैं, तब संक्रांति मनाई जाती है। इसी कारण से, कई लोग 14 जनवरी की रात के बाद, यानी 15 जनवरी को स्नान, दान और पूजा-पाठ करेंगे, क्योंकि यह उदयातिथि के अनुसार अधिक फलदायी माना जाता है। वही ज्योतिसाचार्या त्रिपाठी बताते है की आप अपनी परंपरा और स्थानीय पंचांग के अनुसार 14 या 15 जनवरी को मकर संक्रांति मना सकते हैं, लेकिन ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार 14 जनवरी को ही सूर्य का मकर राशि में प्रवेश हो रहा है, जबकि 15 जनवरी का दिन स्नान और दान के लिए उत्तम है।

## पवित्र नगरी अमरकंटक में कचरा दान स्वयं बने कचरे का ढेर, सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।



मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में नगर परिषद की स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। नगर परिषद द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए गए कचरा दान समय पर कचरा उठाव न होने के कारण स्वयं कचरे का स्वरूप धारण करते नजर आ रहे हैं। नगर के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर लोहे से बने कचरा दान लंबे समय तक गीला एवं सूखा कचरा भरे रहने से गल चुके हैं। कई कचरा दान टूट-फूट कर गिर गए हैं, जिससे वे स्वयं अनुपयोगी होकर खुले में पड़े कचरे में तब्दील हो गए हैं। स्थिति यह है कि कचरा रखने के लिए बनाए गए ये पात्र अब स्वयं गंदगी का कारण बन गए हैं। विशेष रूप से नर्मदा पुष्कर बांध, रामघाट तट, तथा मां नर्मदा मंदिर के सामने स्थित मुंडन स्थल के पास टूटे हुए कचरा दान लंबे समय से पड़े हुए हैं। इन्हें हटवाने अथवा बदलवाने की दिशा में अब तक सफाई प्रभारी द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जो प्रशासनिक कार्यकुशलता पर प्रश्न उठाती है। इतना ही नहीं, नर्मदा पुष्कर बांध स्थित यात्री प्रतीक्षालय के आसपास भारी मात्रा में कचरा इधर-उधर फैला हुआ है। क्षेत्र में शराब की खाली बोतलें, पानी की प्लास्टिक बोतलें, डिस्पोजेबल सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट खुले में पड़े हुए हैं, जिससे तीर्थ की पवित्रता और स्वच्छता दोनों प्रभावित हो रही हैं। श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की निरंतर आवाजाही वाले इस पवित्र स्थल पर ऐसी स्थिति न केवल नगर परिषद की उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि मां नर्मदा की आस्था से जुड़े इस क्षेत्र की गरिमा को भी ठेस पहुंचा रही है। अब बड़ा सवाल यह है कि नर्मदा जयंती जैसे पावन पर्व के पूर्व क्या स्थानीय प्रशासन सजग होकर सफाई प्रभारी एवं स्वच्छता कर्मियों से समुचित कार्रवाई कराएगा। क्या स्वच्छता अभियान के अंतर्गत इन स्थलों की साफ-सफाई कर टूटे कचरा दानों को हटाकर नए कचरा दान स्थापित किए जाएंगे यह आने वाले दिनों में देखने योग्य होगा।

## कार की टक्कर से हुई दुर्घटना में मोटर सायकल चालक की मौके पर मृत्यु

### कोतवाली पुलिस द्वारा तत्परता आरोपी वाहन चालक गिरफ्तार एवं कार जप्त

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पत्रकार सीताराम पटेल अनूपपुर के द्वारा टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन को मोबाईल फोन पर सूचना दी गई कि अनूपपुर से अमरकंटक रोड पर ग्राम बैरीबांध के पास कार की टक्कर से हुई दुर्घटना में मोटर सायकल सवार की मौके पर मृत्यु हो गई है। सूचना पर तत्काल टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन, सहायक उपनिरीक्षक संतोष वर्मा, प्रधान आरक्षक राजकुमार साहू, आरक्षक



अमित यादव, आरक्षक संजय सिहं के द्वारा मौके पर पहुंचकर दुर्घटना में मृत मोटरसाइकिल चालक मनेश्वर दास पटेल पिता रामभजन पटेल उम्र करीब 26 साल निवासी दुलहरा अनूपपुर के शव को जिला चिकित्सालय पोस्टमार्टम हेतु पहुंचाया गया। पुलिस द्वारा मौके पर से आरोपी कार टाटा किगर क्रमांक एमपी 65 सी 5208 के चालक रानू प्रसाद पनिका पिता नत्थू प्रसाद पनिका उम्र 26 साल निवासी पटौराटोला अनूपपुर को गिरफ्तार किया जाकर थाना भेजा गया एवं संबंधित छतिग्रस्त कार को भी जप्त किया जाकर पुलिस थाना भेजा गया। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध क्रमांक 25/26 धारा 106 (1) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है।